दिन–बुधवार दिनांक– 07/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू ने आज पटना उच्च न्यायालय के सैंतालीसवें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने पटना स्थित लोक भवन में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद थे।

——————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दाखिल–खारिज के लम्बित मामलों का इकतीस जनवरी तक निपटारा करने का आदेश दिया है। श्री सिन्हा ने कहा कि पन्द्रह जनवरी तक परिमार्जन प्लस के लम्बित मामलों का निपटारा करने वाले अधिकारी पुरस्कृत किये जायेंगे।

——————————————————————

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बाढ़ अवधि शुरू होने से पहले सभी तटबंधों को दुरूस्त करने का निर्देश दिया है। बाढ़ नियंत्रण और कटावरोधी कार्यों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष रूप से ध्यान देने का आदेश दिया। श्री चौधरी ने कहा कि योजनाओं के कार्यान्वयन में यदि समस्या आती है तो उसे मुख्यालय स्तर पर तुरंत रिपोर्ट करें ताकि उसका शीघ्र निपटारा किया जा सके।

——————————————————————

एशियन डेवलपमेंट बैंक, एडीबी राज्य की पांच सड़क परियोजनाओं के लिए दो हजार नौ सौ करोड़ रूपये देगी। बिहार राज्य पथ विकास निगम के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एडीबी से राशि की स्वीकृति मिलने के साथ ही इन सड़कों के निर्माण के लिए चयनित एजेंसियों को कार्यादेश दे दिया गया है। जिन सड़कों का निर्माण होना है, उसकी लम्बाई दो सौ पच्चीस किलोमीटर है।

——————————————————————

वर्ष दो हजार पच्चीस में छह करोड़ सैंतीस लाख पर्यटक बिहार आए। इनमें से विदेशी पर्यटकों की संख्या सात लाख के आस–पास रही। पर्यटन मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभागीय परियोजनाओं की समीक्षा के

लिए सौ दिन का रोड मैप तैयार किया गया है। इसके आधार पर नियमित समीक्षा कर परियोजनाओं को तय समय सीमा के अन्दर पूरा करने का लक्ष्य है।

———————————————————————

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। दिन में धूप खिलने के बावजूद सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से कनकनी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार न्यूनतम तापमान चार दशमलव चार डिग्री सेल्सियस से दस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। आज लगातार दूसरे दिन भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान चार दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट की सम्भावना है। वहीं, अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आ सकती है। साथ ही कल राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिमी भागों में कुछ जगहों पर शीतदिवस की चेतावनी जारी की गई है।

———————————————————————

कड़ाके की ठंड को देखते हुये कटिहार जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में वर्ग आठ तक की कक्षाओं के संचालन पर दस जनवरी तक रोक लगा दी है। इधर, सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने बारहवीं तक की कक्षाओं में पठन–पाठन कल तक स्थगित रखने का आदेश दिया है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के कुसुंभा थाना क्षेत्र के बगैया गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक समारोह के दौरान पिस्तौल लहराने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल और बारह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

———————————————————————

भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज विश्वविद्यालय में पिछले दिनों आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर–विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ईस्ट ज़ोन में पहली बार चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।